वर्ष- 02 अंक- 219
छपरा
30 जून सोमवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

### भारत-पाक सीमा के करीब युवक और नाबालिग लड़की के शव मिले

#### पाकिस्तानी सिम व आईडी कार्ड बरामद

**जैसलमेर,एजेंसी।** जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के समीप करीब 10-12 किलोमीटर अंदर भारतीय सीमा क्षेत्र साधेवाला में एक युवक और एक नाबालिग लड़की के सड़े-गले शव बरामद हुए हैं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शव करीब सात दिन पुराने हैं। शवों के पास से पाकिस्तान की सिम और एक आईडी कार्ड भी मिला है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि दोनों युवक-युवती पाकिस्तानी हो सकते हैं। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि बरामद आईडी कार्ड में युवक का नाम रवि कुमार (18 वर्ष) लिखा हुआ है। शव सीमा क्षेत्र के काफी अंदर साधेवाला इलाके में पड़े मिले हैं। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) और स्थानीय पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। शवों को रामगढ़ सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया गया है।

### मणिपुर में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई, दो उग्रवादी गिरफ्तार; गोला-बारूद बरामद

**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने एक बार फिर बड़ा ऑपरेशन चलाकर उग्रवादियों पर बड़ी कार्रवाई की है। राज्य के बिष्णुपुर और तेंगनौपाल जिलों से प्रतिबंधित संगठनों के दो सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा इंफाल ईस्ट जिले में एक बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। साथ ही तेंगनौपाल में भारत-म्यांमार सीमा के पास एक जिंदा बम को भी निष्क्रिय किया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को बिष्णुपुर जिले के ओइनाम उषाखांगदाबी इलाके में छापेमारी कर कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबंगनबा गुट) का एक सक्रिय उग्रवादी पकड़ा गया। यह उग्रवादी लंबे समय से इलाके में संगठन के लिए काम कर रहा था। वहीं, तेंगनौपाल जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का एक सदस्य भी गिरफ्तार किया गया है।

**नगारियान हिल के पास तलाशी अभियान-** इसके अलावा, शुक्रवार को इंफाल ईस्ट जिले के नगारियान हिल के पास तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने हथियारों का जखीरा बरामद किया। इसमें एक राइफल, कई बंदूकें, जिंदा कारतूस और एक हैंड ग्रेनेड शामिल है।

### वक्फ और संविधान दोनों को बचना जरुरी : सलमान खुर्शीद

**पटना,एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद रविवार को पटना पहुंचे। यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वक्फ और संविधान दोनों को बचना जरुरी है। हमारे देश की सांप्रदायिक सद्भावना और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए यह आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वे आज वक्फ कानून के विरोध में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आए हैं।सलमान खुर्शीद ने बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी चिंताएं जाहिर की हैं। निश्चित तौर पर इसे गंभीरता से देखा जाना चाहिए, क्योंकि मतदाता सूची में अनियमितताएं लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं।

**मन की बात का 123वां एपिसोड :**

# पीएम बोले- इमरजेंसी में लोगों को प्रताड़ित किया गया

## ● योग की भव्यता बढ़ती जा रही ● संविधान रक्षकों को किया नमन



**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में आपातकाल की 50वीं बरसी पर उसके काले अध्याय को याद किया और कहा कि यह सिर्फ संविधान की हत्या नहीं थी, बल्कि न्यायपालिका को भी गुलाम बनाने का प्रयास था। उन्होंने उन हजारों लोगों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने अत्याचारों का सामना करते हुए लोकतंत्र की रक्षा की।

प्रधानमंत्री ने आज मन की बात कार्यक्रम के 123वें एपिसोड में अनेक विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने हाल के दिनों में देश में हुए सकारात्मक बदलावों, सांस्कृतिक पर्वों, सामाजिक सहभागिता, महिलाओं की प्रगति, पर्यावरण संरक्षण और भारत की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए देशवासियों को गर्व और प्रेरणा का अनुभव कराया। प्रधानमंत्री ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर लोकतंत्र की रक्षा में जुटे लोगों को याद किया। मोदी ने कहा कि 1975 में लगाए गए आपातकाल के दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया। आप कल्पना कर सकते हैं कि वह दौर कैसा था। आपातकाल लगाने वालों ने ना सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी गुलाम बनाए रखने का था। इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। इसके ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई, बाबू जगजीवन राम और अटल बिहारी वाजपेयी के पुराने ऑडियो भी साझा किए, जिनमें उन्होंने उस दौर की भयावहता को स्पष्ट किया।

उन्होंने कहा कि जॉर्ज फर्नांडिस साहब को जंजीरों में बांधा गया था। अनेक लोगों को कठोर यातनाएं दी गई। मीसा के तहत किसी को भी ऐसे ही गिरफ्तार कर लिया जाता था। छात्रों को भी परेशान किया गया। अभिव्यक्ति की आजादी का भी गला घोंट दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उस दौर में जो हजारों लोग गिरफ्तार किए गए उन पर ऐसे ही अमानवीय अत्याचार हुए लेकिन यह भारत की जनता का सामर्थ्य है कि वो झुकी नहीं, टूटी नहीं और लोकतंत्र के साथ कोई समझौता स्वीकार नहीं किया।

- **भारत ट्रेकोमा मुक्त हुआ:** मैं आपको दो ऐसी उपलब्धियों के बारे में बताना चाहता हूं जो आपको गर्व से भर देंगी। पहली उपलब्धि स्वास्थ्य से जुड़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रेकोमा मुक्त घोषित कर दिया है। यह सफलता हमारे स्वास्थ्य कर्मियों की है। आज जब हर घर नल से जल पहुंच रहा है तो ऐसी बीमारियों का खतरा कम हुआ है।
- **95 करोड़ लोग सरकारी योजनाओं के लाभार्थी:** इंटरनेशनल लेबल ऑर्गनाइजेशन की रिपोर्ट आई है। इसमें सामने आया है कि देश के 95 करोड़ लोग किसी न किसी सरकारी योजना का लाभ उठा रहे हैं। इन सफलताओं ने एक विश्वास दिलाया है कि आने वाले समय में भारत और सशक्त होगा। साथियों, जनभागीदारी से देश और आगे बढ़ रहा है।
- **कैलाश श्रद्धा का केंद्र:** धार्मिक यात्राएं सेवा के अवसर का महाअनुष्ठान होती है। जितने लोग यात्रा में जाते हैं उससे ज्यादा लोग उनकी सेवा में जुट जाते हैं। लंबे समय के बाद कैलाश मानसरोवर की यात्रा शुरू हुई है। हिंदू, बौद्ध, जैन सभा परंपरा में कैलाश को श्रद्धा का केंद्र माना गया है।
- **मेघालय के एरी सिल्क को GI टैग मिला:** मन की बात में देश के यूनीक प्रोडक्ट की बात करते हैं। कुछ दिन पहले मेघालय का एरी सिल्क को जीआई टैग मिला है। इस सिल्क की कई ऐसी खूबियां जो इसे अन्य फैब्रिक से अलग बनाती है। इसे बनाने के लिए प्रयोग होने वाले रेशम के कीड़ों को मारा नहीं जाता है। इसकी खूबी है कि यह सर्दियों में गर्मी और गर्मियों में ठंडक देता है।
- **बोडोलैंड में 70 हजार फुटबॉल खिलाड़ी:** बोडोलैंड आज अपने नए रूप के साथ देश के सामने खड़ा है। बोडो टेरिटोरियल एरिया में 3 हजार से ज्यादा टीम और 70 हजार से ज्यादा खिलाड़ी फुटबॉल खेल रहे हैं। एक समय था जब बोडोलैंड संघर्ष कर रहा था। आज यहां से निकले फुटबॉल खिलाड़ी अपनी पहचान बना रहे हैं।
- **पर्यावरण को बचाने निकले कई साथी:** हमने इस महीने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। कई लोगों ने अपने आस पास के उन साथियों के बारे में बताया जो अकेले ही पर्यावरण बचाने निकल गए। पुणे के रमेश खरमाडे जी जुन्नर की पहाड़ियों की ओर निकल पड़ते हैं। वे झाड़ियां साफ करते हैं और पानी रोकने के लिए ट्रेंच बनाते हैं। नतीजा यह हुआ कि यहां वन्य जीवन को नई सांसे मिल ही हैं।

## भरतपुर में 10 लोग टनों-मिट्टी में दबे, 4 की मौत

**● पाइपलाइन खुदाई की साइट में हादसा, सभी ग्रामीण यूपी के रहने वाले**



**भरतपुर,एजेंसी।** भरतपुर में चंबल प्रोजेक्ट की पाइप लाइन डालने के दौरान मिट्?टी ढहने से एक ही परिवार के 10 लोग दब गए। हादसे में 3 महिला और एक युवक की मौत हो गई है। वहीं, 2 लोग गंभीर घायल हैं। हादसा गहनौली थाना इलाके में रविवार सुबह करीब 8.30 बजे हुआ। थाना अधिकारी विजय सिंह ने बताया- जंगी के नगला के पास पाइप लाइन के लिए खुदाई की जा रही है। यहां से निकली मिट्टी को भरने के लिए फतेहपुर सीकरी (यूपी) के रहने वाले 10 लोग आए थे। सभी उट्टू गांव के रहने वाले हैं। मिट्टी भरने के दौरान हादसा हो गया।

**करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में उतरे थे :** जानकारी के अनुसार साइट पर करीब 10 फीट की खुदाई हुई है। ये सभी लोग इसी गड्ढे में उतरे थे। इसी दौरान टनों मिट्टी भरभराकर उनके ऊपर गिर गई।

हादसे की सूचना पर पहुंची जिला प्रशासन और ग्रामीणों मिट्टी में दबे 6 लोगों को बाहर निकाला था। इनमें से 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, एक महिला ने हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान अनुकूल (22), योगेश कुमारी (25), विनोद देवी (55) और विमला देवी (45) के तौर पर हुई है। वहीं, दिनेश (38) पुत्र नाहर सिंह और जयश्री (50) पत्नी विजेंद्र घायल हैं।

**अब भी 2 लोगों का इलाज जारी- जिला कलेक्टर :** कलेक्टर कमर-उल-जमान ने बताया कि हादसे वाली साइट से 6 लोगों का रेस्क्यू किया था। इनमें से 4 लोगों को परिजन रास्ते में ही प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए।

# पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के बाद भगदड़, 3 की मौत,50 लोग घायल

### गुंडिचा मंदिर के सामने हादसा; जगन्नाथ रथ के दर्शन कर रहे थे श्रद्धालु





**भुवनेश्वर,एजेंसी।** ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के बाद रविवार तड़के करीब 4 बजे भगदड़ मच गई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 घायल हैं। घायलों में 6 की हालत गंभीर है। हादसा जगन्नाथ मंदिर से करीब 3 किमी दूर गुंडिचा मंदिर के सामने हुआ। यहां भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष रथ के दर्शन करने के लिए भारी भीड़ जुटी थी, इसी दौरान भगदड़ मची।सीएम मोहन चरण माझी ने पुरी में हुई भगदड़ की घटना पर माफी मांगी है। उन्होंने ङ्ग पर लिखा,'मैं और मेरी सरकार भगवान जगन्नाथ के सभी भक्तों से व्यक्तिगत रूप से क्षमा मांगते हैं। यह लापरवाही माफ करने लायक नहीं है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा चूक की तुरंत जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

**जगन्नाथ रथ बाद में पहुंचा, लोगों में दर्शन की होड़ लग गई :** पुरी की रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथों को उनकी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर के सामने 9 दिन के लिए खड़ा कर दिया जाता है। यहां बलभद्र और सुभद्रा के रथ पहले पहुंच चुके थे। जगन्नाथ रथ बाद में पहुंचा, जिससे लोगों में उसके दर्शन करने की होड़ लग गई।

## केजरीवाल बोले- मोदी की गारंटी झूठी और नकली

**● आपसे कहा था- जहां झुग्गी-वहां मकान, उनका मतलब था, जहां झुग्गी-वहां मैदान**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** आम आदमी पार्टी ने रविवार को दिल्ली में झुग्गियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के विरोध में में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा- मोदी की गारंटी झूठी, फर्जी और नकली है। आगे कभी जिंदगी में मोदी की गारंटी पर भरोसा मत करना। केजरीवाल ने कहा- चुनाव के समय मोदी जी ने आपको गारंटी दी थी- जहां झुग्गी-वहां मकान। उनका मतलब था- जहां झुग्गी-वहां मैदान। वो ये कहना चाहते थे मुझे वोट दे दो, मैं सारी झुग्गियां तोड़ दूंगा और मैदान बना दूंगा।

**भाजपा का प्लान झुग्गियों का तोड़ना:** भाजपा का प्लान दिल्ली की सभी झुग्गियां तोड़ने का है। इनकी गंदी नजर आपके घरों पर टिकी हुई है। दिल्ली में 40 लाख से ज्यादा झुग्गीवाले हैं, यह सभी इकट्ठे होकर सड़कों पर आकर आंदोलन करेंगे। मैं भाजपा को चेतावनी देना चाहता हूं कि सुधर जाओ, झुग्गियां तोड़ना बंद करो। अगर झुग्गियां तोड़ना बंद नहीं किया तो तुम्हारा सिंहासन डोलने में वक्त नहीं लगेगा।

**भाजपा एक साल में सभी झुग्गियां तोड़ देगी:** चुनाव से पहले मैंने दिल्ली के गरीबों और झुग्गीवालों के लिए वीडियो जारी करके कहा था कि अगर भाजपा की सरकार आ गई तो यह एक साल में ही झुग्गियां तोड़ देंगे।

## पर्यावरण के लिए विनाशकारी होगा, सरिस्का टाइगर रिजर्व को लेकर केंद्र की योजना पर भड़के जयराम रमेश

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने राजस्थान के सरिस्का टाइगर रिजर्व की सीमाओं का फिर से पुनर्निधार्रण करने का प्रस्ताव पेश किया है। बाघ संरक्षण केंद्र की सीमाओं के पुनर्निर्धारण से सरिस्का में खनन का काम फिर से शुरू हो सकेगा। इसे लेकर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की और चेताया कि यह कदम पर्यावरण के लिहाज से विनाशकारी साबित हो सकता है।



**सरिस्का में जीरो हो गई थी बाघों की संख्या :** सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में जयराम रमेश ने लिखा कि अलवर के निकट सरिस्का टाइगर रिजर्व पुनरुद्धार का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। अवैध शिकार नेटवर्क के कारण दिसंबर 2004 तक सरिस्का में बाघों की संख्या शून्य हो गई थी। इसने पूरे देश में हलचल मचा दी और अप्रैल 2005 में टाइगर टास्क फोर्स का गठन किया गया तथा मई 2005 में रणथंभौर टाइगर रिजर्व में विभिन्न राज्यों के मुख्य वन्यजीव वार्डनों के साथ डॉ. मनमोहन सिंह की बैठक हुई। इसके बाद दिसंबर 2005 में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण तथा जून 2007 में वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो अस्तित्व में आया।

**खनन का बाघों के आवास पर पड़ेगा प्रतिकूल असर :** कांग्रेस नेता ने लिखा कि इसके बाद पन्ना टाइगर रिजर्व के साथ-साथ सरिस्का में भी बाघों को स्थानांतरित करने की पहल की गई। कुछ विशेषज्ञों की ओर से संदेह जताने के बावजूद- और आज सरिस्का में बाघों की संख्या 48 के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर है। लेकिन अब सरिस्का टाइगर रिजर्व की सीमा का फिर से निर्धारण होने वाला है।

**कोलकाता गैंगरेप- सीसीटीवी फुटेज से पुष्टि हुई**

## आरोपी छात्रा से जबर्दस्ती करते दिख रहे; 5 मेंबर्स की एसआईटी गठित, 4 आरोपी गिरफ्तार



**कोलकाता,एजेंसी।** कोलकाता की लॉ छात्रा से गैंगरेप मामले में सीसीटीवी फुटेज से गैंगरेप की पुष्टि हुई है। कॉलेज के सीसीटीवी में 25 जून की दोपहर 3:30 बजे से रात 10:50 बजे तक करीब 7 घंटे की फुटेज हैं। एक जांच अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी में पीड़ित छात्रा को गार्ड के कमरे में जबर्दस्ती ले जाने की घटना कैद हुई है। इससे छात्रा की लिखित शिकायत में लगाए गए आरोपों की पुष्टि होती है।

वहीं, जिस गार्ड के कमरे में रेप हुआ था, शनिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में अब तक कुल चार गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इसके अलावा मामले में पांच सदस्यों की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ( गठित कर दी गई है। असिस्टेंट कमिश्नर लेवल के एक अधिकारी SIT को लीड कर रहे हैं। घटना 25 जून को कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर के गार्ड रूम में हुई थी। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा (31) है। घटना में जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) भी शामिल हैं। मनोजीत कॉलेज का पूर्व छात्र है, जबकि जैब और प्रमित कॉलेज के छात्र हैं।



# उत्तराखंड में भारी बारिश, चारधाम यात्रा रोकी गई

## यमुनोत्री मार्ग पर बादल फटा, 9 मजदूर लापता; पूरे देश में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ, एजेंसी।** देश के ज्यादातर हिस्सों में मानसूनी बारिश जारी है। उत्तराखंड में शनिवार से भारी बारिश जारी है। यहां चारधाम यात्रा अगले 24 घंटे के लिए रोक दी गई है। यात्रियों को हरिद्वार, ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, सोनप्रयाग और विकासनगर में ही रोकने के आदेश दिए गए हैं। उत्तरकाशी में यमुनोत्री मार्ग पर बादल फटने से निर्माणाधीन होटल में काम करने वाले 8 से 9 मजदूर लापता हैं। यहां बागेश्वर में सरयू नदी ने खतरे का निशान पार कर लिया है। अलकनंदा और सरस्वती भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

**35 राज्यों में पहुंचा मानसून, आज बारिश का अलर्ट :** देश के 35 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों में मानसून पहुंच चुका है। देशभर में आज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में भी आज मानसून पहुंच सकता है। दिल्ली-ह्रष्ट्रक्र में शनिवार को कई जगह तेज बारिश हुई थी।

**केरल में जलस्तर बढ़ने के बाद बांधों के गेट खोले :** केरल में भारी बारिश के कई नदियों का जलस्तर बढ़ा गया है। राज्य के पलक्कड़ और पथानामथिट्टा जिलों के बांधों के गेट खोले गए हैं। निचले इलाकों से लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (INCOIS) ने कहा- आज केरल तटीय इलाकों में 2- 3 मीटर तक ऊंची लहरें उठने की संभावना है।





# रोहतास की लड़की पटना से किडनैप, डेढ़ लाख में बेची: 3 दिन कमरे में बंदकर टॉर्चर किया; जानिए खिड़की तोड़कर कैसे बचाई जान

**पटना,एजेंसी।** 'बेटी को 3 दिन छोटे से अंधेरे कमरे में बंधक बनाकर आरा में रखा। टॉर्चर किया और उसके बाद दिनारा (रोहतास) ले गए। आरा से पूजा नाम की महिला ने दिनारा भेजा। वहां बैंक्वेट हॉल वाला भी मिला हुआ था। वहां उसकी शादी करा दी और राजस्थान में बेच दिया।' पटना के दानापुर की नाबालिग रेखा (काल्पनिक नाम) 10 दिनों बाद घर लौट आई है। राजस्थान के कोटा में खिड़की तोड़कर खुद की जान बचाई और ट्रेन पकड़कर दानापुर थाने पहुंची तो लड़कियों को अगवा करके देशभर में बेचने वाली गैंग का खुलासा हुआ। रेखा की निशानदेही पर पुलिस ने रोहतास के दिनारा में रेड की। यहां से 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक महिला भी है। नाबालिग 17 जून की देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। पिता ने बताया, 'वो हमलोगों से छिपाकर मोबाइल रखती थी। ये बात मुझे छोड़कर घर में कुछ लोगों को पता थी। 17 जून को पटना गई। जब वो शाम तक घर नहीं लौटी तो चिंता हुई। हमने रिश्तेदारों को बताया और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।' लोगों को लगा पुल के बनने से यह गांव समस्तीपुर और दरभंगा से सीधा जुड़ जाएगा। जिससे पिछड़े इस गांव में विकास के नए द्वार खुलेंगे। लेकिन पुल निर्माण एजेंसी की ओर से पुल निर्माण को लेकर गांव की ओर से ही मिट्?टी का कटाव कर दिया गया। नदी के दूसरे छोड़ पर बांस और झाड़ी आदि को प्रोटेक्शन वॉल बनाया गया, जिससे नदी की धार मुख्य धारा से अलग गांव की ओर मुड़ गई है, जिससे गांव की कटाव तेज हो गया है। कटाव की जो रफ्तार है, उससे लगा रहा है कि 10 से 15 दिनों के अंदर वार्ड 7 व 9 के कई घर कटाव की भेंट चढ़ जाएंगे। सड़क भी विलीन हो सकता है।



उन्होंने कहा कि विभाग को चाहिए कि नया निर्माणाधीन पाया के पास से आगे जाय। इससे तत्काल कटाव रुक सकता है। 'भगिनी ने बताया कि उसकी इंस्टाग्राम पर किसी से बात होती है। हमने उसका इंस्टाग्राम चेक किया तो पता चला कि वह एक लड़के से बात करती थी। हम लोगों ने इंस्टाग्राम से ही उस लड़के से बात की, मिलने बुलाया और डांटा तो उसने सब कुछ बता दिया।' पिता का कहना है, 'लड़के ने यह बात कबूल ली कि 17 जून की दोपहर बाद से ही दोनों साथ थे। 18 जून की सुबह पटना में लड़के ने उसे ऑटो में बैठाया और वापस अपने घर चला गया।' पिता ने बताया, 'पता नहीं कैसे वो पटना रेलवे स्टेशन पहुंची और वहां से आरा पहुंच गई। मगर उसने मुझसे यही कहा है कि 3 दिन तक वो आरा में थी, जहां मीना (पुलिस की गिरफ्त से बाहर) ने उसे बंधक बनाकर रखा था।'

**पिता बोले- कुछ छुपा रही बेटी :** नाबालिग के पिता का कहना है, 'पटना से आरा पहुंचने का कनेक्शन समझ नहीं आ रहा। बेटी कह रही है कि मनीष ने जब ऑटो में बैठाया तो दानापुर न आकर पटना रेलवे स्टेशन चली गई। हमने कारण पूछा तो कह रही है कि मोबाइल चार्ज करने गई थी। स्टेशन पर उसे मीना मिली, जो उसे आरा तक ले गई। जहां पर 3 दिन तक इसे बंधक बनाकर रखा गया।'

**खिड़की तोड़कर राजस्थान से भागी बेटी :** पिता का कहना है, 'बेटी की जबरदस्ती शादी करके उसे कोटा के व्यापारी को डेढ़ लाख रुपए में बेच दिया गया। उसने बताया है कि एक दिन बेटी घर में अकेली थी। तब वह खिड़की तोड़कर बाहर भाग गई। उसके बाद वह किसी तरह सीधे घर आई।' पुलिस का कहना है कि आरा में 3 दिनों तक तस्करों के चुंगल में रहने के बाद नाबालिग को दिनारा, रोहतास ले जाया गया। यहां एक बैंक्वेट हॉल का संचालक भी इस गैंग का सदस्य है। उसी हॉल में नाबालिग की शादी कराई गई।

**6 महीने में 10 लड़कियों को शिकार बना चुकी है गैंग :** इस मामले में जांच कर पुलिस ने पाया कि सबकुछ मानव तस्करी से जुड़ा है। इसमें जबरन शादी कराने से लेकर कई गैरकानूनी काम शामिल हैं। पटना स्स्क्र कार्तिकेय के शर्मा ने बताया, पूरा मामला ह्यूमन ट्रैफिकिंग से जुड़ा है। इसके लिए पूरी गैंग काम कर रही है। इसमें महिला समेत कई लोग शामिल हैं। गैंग रेलवे स्टेशन पर एक्टिव रहता था। स्टेशन पर आने-जाने वाली नाबालिग और अकेली लड़कियों को टारगेट करता था। ये लोग उन्हें अच्छी लाइफ का झांसा देकर अपनी बातों में फंसाते थे। लड़कियों को गलत सपने दिखाते थे।'

## बागमती नदी के कटाव से 30 परिवार में दहशत:10 दिनों में 30 फीट जमीन पानी में समाया, लोग बोले- उपाय नहीं हुआ तो गांव छोड़ना होगा

**समस्तीपुर,एजेंसी।** मानसून शुरू होते ही नेपाल से निकलकर सीतामढ़ी के रास्ते समस्तीपुर पहुंचने वाली बागमती नदी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। कल्याणपुर प्रखंड के नामापुर गांव में पिछले 12 दिनों के दौरान नदी की धारा ने करीब 30 फीट भूमि का कटाव किया है। नापापुर पंचायत के वार्ड-7 के घरों से मात्र 20 मीटर की दूरी पर नदी का बहाव पहुंच गया है। अगर जल्द प्रोटेक्शन काम शुरू नहीं हो पाया तो इस वार्ड के दर्जनों घर व मुख्य सड़क नदी में विलीन हो जाएंगे। गांव के छेदी सहनी नदी की ओर इशारा करने हुए बताते हैं कि करीब 10 साल पहले बागमती की घारा में उनका पुस्तैनी घर विलीन हो गया था। जहां घर में बच्चे खेलते थे, घर का खाना बनता था, वो जगह अब नदी में समा गई है। पुस्तैनी घर विलीन होने के बाद ढाई लाख रुपए



में एक कठ्?ठा जमीन खरीद का मकान बनाया। अब एक बार फिर से नदी की धारा कटाव करती हुई घर से महज 20 मीटर दूर पहुंच गई है। अब कटाव हुआ तो गांव ही छोड़ना पड़ेगा। नामापुर के छेदी सहनी ही एक अकेले नहीं है जिनके घर पर कटाव का खतरा मंडरा रहा है। इनके अलावा निवास राय, शंभू राय, कैलाश राय, अमरेश ठाकुर, चंचल राय जैसे 30 से अधिक घर नदी के निशाने पर हैं,

जो कभी भी नदी में कटाव की भेंट चढ़ सकती है। गांव के नीरज महतो बताते हैं कि नामापुर में नदी पर पुल का निर्माण शुरू हुआ तो गांव के लोगों को खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

## 3 महीने पहले खरीदी स्कूटी, खराब हुई तो शोरूम जला डाला: सुबह मारपीट की, उंगली तोड़ी, धमकी देते हुए कहा- साइको हूं

**औरंगाबाद,एजेंसी।** औरंगाबाद में स्कूटी खराब होने से नाराज युवक के परिजन ने शोरूम में आग लगा दी। आग में ओमकार इंटरप्राइजेज पूरी तरह से जल गया। शोरूम में रखी 36 ई-स्कूटी समेत पूरा सामान जलकर राख हो गया। शोरूम के मालिक अशोक कुमार सिंह सत्येंद्र को करीब 50 लाख का नुकसान हुआ है। मामला एनएच-19 हसौली मोड़ के पास का है। अशोक कुमार का कहना है कि- 25 जून को इस्लाम टोली के रहनेवाले विष्णु शरण अपनी खराब स्कूटी लेकर आए थे। उन्होंने 31 मार्च को स्कूटी खरीदी थी। गाड़ी में वायरिंग की समस्या थी। हम लोगों ने 27 जून को स्कूटी ठीक कर उन्हें सौंप दी। जिसके बाद विष्णु के परिजन प्रेम कुमार शोरूम आए और मारपीट करने लगे। मेरे दाहिने हाथ की उंगली तोड़ दी। हमलावरों ने कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। शोरूम में आग लगाने की बात कही। जाते-जाते कहा कि पता कर



लेना मैं साइको हूं। युवक के परिजन ने शुक्रवार 27 जून की सुबह धमकी दी थी कि शोरूम में आग लगा देंगे। शाम में जब शोरूम बंद हो गया तो आरोपियों ने आग लगा दी। उस समय करीब 8 बज रहे होंगे। शनिवार को अशोक कुमार सिंह सत्येंद्र ने नगर थाने में आवेदन दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रेम को गिरफ्तार कर लिया है।

**3 महीने में 2 बार खराब हुई थी स्कूटी :** शोरूम मालिक के अनुसार, 31 मार्च को विष्णु शरण ने 40 हजार में ई-स्कूटी खरीदी थी। 3 महीने में दो बार स्कूटी खराब हुई थी। एजेंसी संचालक के अनुसार स्कूटी का स्पीड लिमिट 27 किलोमीटर प्रति घंटा है। लेकिन कंपनी के नॉर्म्स का पालन नहीं किया जाता था। स्कूटी के बैटरी से जुड़ी तार में समस्या आई थी। दोनों गया था।

## दरभंगा में 2 समुदाय के बीच तनाव: दो साल पहले के विवाद का फोटो वायरल, दोषी की पहचान में जुटी पुलिस

**दरभंगा,एजेंसी।** दरभंगा में दो समुदायों के बीच विवाद हो गया। गांव में काफी तनाव है। गांव में जय बाबा डीहबार स्थान है। यह स्थल गांव में सभी समुदायों के लिए पूजनीय है। यहां किसी भी शुभ कार्य से पहले लोग चढ़ावा चढ़ाते हैं। जय बाबा डीहबार स्थान की जमीन पर एक समुदाय के लोगों ने अपना झंडा लगाया था। जिसे दूसरे समुदाय के लोगों ने उखाड़ दिया था। इसके बाद गांव में ताजिया घूमने पर रोक लगा दी गई थी। इसके बाद गांव में पंचायत हुई थी। जगन्नाथपुर ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची थी। पंचायत में तय हुआ था कि दोनों पक्षों का झंडा उस स्थल पर लगेगा। इसके बाद स्थिति सामान्य हो गई थी। दूसरे पक्ष के कुछ युवकों ने 2 साल पुराना कुछ फोटो वायरल कर दिया। फोटो दो समुदाय के बीच धक्का-मुक्की का है। जिसके बाद गांव में तनाव हो गया। मामला बिरौल थाना क्षेत्र के भैनी गांव का है।




**फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण :** बताया गया कि 2 साल पहले एक पक्ष ने दीवार पर लिखे जय बाबा डीहबार स्थान में से जय शब्द मिटा दिया था। इसके बाद दोनों पक्षों में हल्की झड़प हुई थी। धक्का-मुक्की हुई थी, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ था। उसी समय थोड़े दिन बाद रामनवमी पर झंडा लगाया गया था, जिसे दूसरे पक्ष ने उखाड़ दिया था।

## बोरे में बंद मिला युवती का नरकंकाल:खगड़िया पुलिस ने पानी भरे गड्ढे से किया बरामद

**खगड़िया,एजेंसी।** खगड़िया में पानी से भरे गड्ढे से बोरे में बंद युवती का नरकंकाल बरामद हुआ है। घटना मड़ैया सहायक थाना क्षेत्र के बहरखाल बहियार की है। कुछ किसान अपने खेत में फसल देखने गए थे, उन्हें पानी से भरे गड्ढे में बोरा तैरता दिखा। एक कुत्ता उस बोरे से हड्डियों को निकालकर नोच-नोच कर खा रहा था, जिससे किसानों को शक हुआ। किसानों ने तत्काल इसकी सूचना मड़ैया पुलिस को दी, और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बोरे को बाहर निकलवाया। पुलिस का मानना है कि शव को गड्ढे में फेंकने से पहले टुकड़ों में काटा गया था। इन टुकड़ों को साड़ी में लपेटकर और लगभग 20 ईंट बांधकर डुबोया गया था। शव को जल्दी गलाने के लिए चूना भी डाला गया था, जिससे यह पता चलता है कि हत्यारों ने सबूत मिटाने की कोशिश की।

**ऑनर किलिंग का मामला :** मड़ैया थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह ऑनर किलिंग का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने आसपास के सभी थाना क्षेत्रों को लापता व्यक्तियों से संबंधित मामलों की जानकारी देने के लिए सूचित किया है, ताकि शव की शिनाख्त हो सके। स्नस्रुकी टीम ने मौके से सभी नरकंकाल को अपने कब्जे में ले लिया, जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। वहीं गोगरी एसडीपीओ रमेश कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## समस्तीपुर में शख्स की संदिग्ध मौत: बीमार पति को पत्नी ने दी थी दवा, शादी के बाद से ससुराल में रहता था



**समस्तीपुर,एजेंसी।** समस्तीपुर के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सुरौली पंचायत के वार्ड-9 में संदिग्ध स्थिति में एक शख्स की मौत हो गई। मृतक की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के लोहागीर गांव निवासी महेंद्र पासवान के बेटे उपेंद्र पासवान के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। घटना के बाद ग्रामीण उसकी पत्नी को शक की नजर से देख रहे हैं।

**20 साल पहले हुई थी शादी :** बताया गया कि उपेंद्र शादी के बाद से ही अपने ससुराल सुरौली गांव में बस गए थे। उपेंद्र की शादी 20 साल पहले हुई थी। लोगों ने बताया कि दो-तीन दिन पहले उपेंद्र और उनकी पत्नी के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। हालांकि घरेलू मामला होने के कारण बात सलट गई। इधर, उपेंद्र बीमार चल रहा थे। सुबह अचानक गांव के लोगों ने उनकी मौत की खबर सुनी। ग्रामीणों का कहना था कि मामला संदिग्ध है। पुलिस ने शव? को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पत्नी ने कहा कि बीमार थे, रात में उन्हें दवा दी गई है सुबह भी उन्हें दवा दी गई थी। करीब 4:30 बजे सुबह अचानक उनकी मौत हो गई।

**आवेदन मिलने पर कार्रवाई होगी :** विभूतिपुर थाना अध्यक्ष आनंद कश्यप ने कहा कि मामला संदिग्ध है। गांव के लोग उसकी पत्नी पर ही आरोप लगा रहे हैं। अभी किसी भी पक्ष की ओर से कोई आवेदन नहीं मिला है आवेदन मिलने के उपरांत इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## औरंगाबाद के मजदूर की राजस्थान में मौतछ्छह दिन पहले घर से मजदूरी करने गया था; हाईवे पर गाड़ी ने मारी टक्कर

**औरंगाबाद,एजेंसी।** औरंगाबाद के मुकेश कुमार सिंह (35) की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा राजस्थान के जालौर में हुआ। सोमवार को ही मुकेश घर से जालौर गया था। मुकेश कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर पंचायत के रसलपुर गांव का रहने वाला था। मंगलवार को जालौर पहुंचने के बाद मुकेश बाइक से घर जा रहा था। इसी दौरान हाईवे पर एक वाहन की चपेट में आ गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गय ा। बाइक पर सवार अन्य लोगों को हल्की चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। वहां से प्राथमिक इलाज के बाद जोधपुर एम्स रेफर किया गया। चार दिन तक इलाज चला। शुक्रवार दोपहर उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। परिजन बेसुध हो गए। शनिवार की देर रात उसका शव पैतृक गांव रसलपुर में लाया गया। जहां परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।

**पालनपुर में पहले मजदूरी करता था :** मुकेश इसके पहले गुजरात के पालनपुर में मजदूरी करता था। इस बार वह राजस्थान गया था। दो महीने पहले शादी समारोह में शामिल होने घर आया था। सोमवार को फिर से मजदूरी के लिए निकला था। मुकेश की मौत से उसके दो मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। बेटी खुशबू कुमारी 12 साल की है। बेटा अंकित कुमार 10 साल का है। पत्नी बीना देवी बार-बार बेहोश हो रही है। शनिवार की रात जब शव गांव पहुंचा तो लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, पूर्व मुखिया नंदलाल दुबे उर्फ बब्लू दुबेसमेत कई लोगों ने संवेदना जताई। पूर्व मुखिया ने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि प्रक्रिया पूरी होने पर परिजनों को दो लाख रुपए का मुआवजा मिल सकता है।

## शिवालय की नाली के लिए लोगों ने जुटाया चंदा:नगर परिषद ने नहीं सुनी मांग, सावन को लेकर निर्माण कार्य जारी

**डुमरांव, बक्सर,एजेंसी।** बक्सर के पुराना भोजपुर में स्थानीय लोगों ने नाली निर्माण के लिए खुद पहल की है। नगर परिषद से बार-बार अनुरोध करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर लोगों ने चंदा इकट्ठा करके काम शुरू करवाया है। सावन का महीना नजदीक है। इस दौरान शिवालय में हजारों भक्तों के आने की संभावना है। स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद और जनप्रतिनिधियों से कई बार नाली निर्माण का अनुरोध किया। लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

लोग दिन में अपने कामों में व्यस्त रहते हैं। इसलिए नाली का निर्माण कार्य आधी रात को कराया जा रहा है। वार्ड पार्षद पवन गोंड ने बताया कि नगर परिषद कार्यालय से फिलहाल कार्यादेश रोका गया है। उन्होंने कहा कि कार्यपालक पदाधिकारी से जरूरी योजनाओं का वर्क आर्डर जारी करने की मांग की जाएगी।


## डिजिटल इंटरनेशनल लाइब्रेरी का उद्घाटन:छात्रङ्कछात्राओं को मिलेगा फ्री में सुविधा, लॉकर और इंटरनेट भी मिलेगा मुफ्त

**आरा, भोजपुर,एजेंसी।** आरा शहर के करमन टोला, राजेन्द्र नगर स्थित यूनियन बैंक के उपर दूसरे तल्ले पर शनिवार को ए श्री इन्टरनेशनल डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोरंजन कुमार झा ने किया। मुख्य अतिथि प्रभारी कुलपति प्रोफेसर अवध बिहार सिंह, संकाया अध्यक्ष वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय राकेश कुमार मिश्र, अति विशिष्ट अतिथि नागेश्वर दुबे, पद्म श्री डॉ. भीम सिंह भवेश सहित अन्य रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन कर्ता मनोरंजन कुमार झा जिला और सत्र न्यायाधीश को कार्यक्रम के आयोजक अमरेन्द्र चौबे ने फुलमाला, अंगवस्त्र और बुके से सम्मानित किया। मनोरंजन कुमार झा ने कहा कि डिजिटल युग में डिजिटल लाइब्रेरी का आज शुभारंभ आयोजक अमरेन्द्र चौबे ने किया। शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों के लिए बहुत ही सराहनीय पहल है। आज जहां मोबाइल या विभिन्न उपकरणों से छात्रों की एकाग्रता कम हो गई, वहां इस प्रकार का एकांत उनकी एकाग्रता में वृद्धि करने में सहायक होगा। जो उन्हें उत्तम परिणाम की तरफ अग्रसर करेगा। समाज गरीब वर्ग और निचले वर्ग के उत्थान और सहयोग के लिए लाइब्रेरी प्रबंधन द्वारा विशेष सुविधा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि राकेश मिश्रा ने कहा कि इस डिजिटल लाइब्रेरी से बचे। ज्यादा से ज्यादा अध्ययन कर बड़ेङ्कबड़े पदों पर जाएंगे और हमारे शहर का नाम रोशन हो सके।



## लिफ्ट के बहाने पति को प्रेमी की स्कॉर्पियो में बैठाया:गाड़ी में पीटा, 5 किमी दूर ले जाकर स्कॉर्पियो से कुचला; गर्दन की हड्डी टूटने से मौत

**औरंगाबाद,एजेंसी।** औरंगाबाद में बॉयफ्रेंड के लिए 4 बच्चों की मां ने पति की हत्या करवा दी। पत्नी के प्रेमी ने अपनी ब्लैक स्कॉर्पियो प्रेमिका के पति को रौंद दिया। हत्या पूरी प्लानिंग के साथ की गई थी। बीमारी का बहाना बनाकर आरोपी पत्नी बस से पति को गयाजी ले गई। लौटते समय फिर से दोनों बस में सवार हुए। आरोपी महिला ने बस में चढ़ने से पहले प्रेमी को कॉल कर दिया कि हम गयाजी से चल दिए हैं। दोनों करीब 45किमी दूर औरंगाबाद के गोह पहुंचे। रात करीब 8 बज रहे होंगे। ग्रामीण इलाका होने के कारण काफी सन्नाटा था। वहां दोनों बस से उतरे। 5 मिनट बाद आरोपी पत्नी का प्रेमी अपनी स्कॉर्पियो से वहां पहुंचा। महिला ने अपने पति को कहा कि मैं थक गई हूं, स्कॉर्पियो वाले से लिफ्ट ले लेते हैं। पहले पति ने मना कर दिया। कहा- तुम खुद बात करो। महिला ने लिफ्ट का इशारा किया। स्कॉर्पियो दंपती के



पूजा कुमारी, पत्नी



बिक्कु कुमार, मृतक

नजदीक आई। दोनों गाड़ी में बैठ गए। पति को पता नहीं था कि अंदर कौन है। अंदर बैठने के बाद बिक्कु को पता चला कि गाड़ी की ड्राइविंग सीट पर पत्नी पूजा का प्रेमी कमलेश बैठा है। बिक्कु कमलेश को देखकर गाड़ी से उतरने लगा, लेकिन कमलेश ने उसके उतरने से पहले गाड़ी को सेंट्रल लॉक कर दिया। इसके बाद कमलेश ने बिक्कु की पहले गाड़ी में ही पिटाई की। फिर करीब 5 किमी दूर झिकटिया में बिक्कु को गाड़ी से उतारा। यहां दोबारा सड़क पर उसकी पिटाई की, फिर अपनी स्कॉर्पियो उस पर चढ़ा दी। जानकारी के मुताबिक, गर्दन की हड्डी टूटने से बिक्कु की मौके पर ही मौत हो गई।

**ससुराल में कहा- पति अपनी मौसी के घर चले गए :** वारदात को अंजाम देने के बाद अब बिक्कु की पत्नी पूजा को ये टेंशन थी कि जब घर जाएगी और बिक्कु के घरवाले पूछेंगे, तो वो क्या बताएगी? काफी सोच विचार के बाद कमलेश के साथ प्लानिंग की और ससुराल जाकर बता दिया कि बिक्कु अपनी मौसी के घर चला गया था। ये झूठी कहानी इसलिए भी रची गई, क्योंकि बिक्कु की मौसी का घर घटनास्थल से 2 किलोमीटर दूर था। पकड़ी न जाए, इसलिए वारदात के तुरंत बाद पूजा ने बिक्कु की मौसी को भी कॉल कर दिया और कहा कि ये आपके पास आ रहे हैं। इधर, पूजा घटनास्थल से ससुराल अपने प्रेमी कमलेश के साथ पहुंची। ससुराल से थोड़ी ही दूरी पर कमलेश ने पूजा को गाड़ी से उतार दिया था। वहां से पूजा पैदल घर गई। घर जाने पर सास ने बिक्कु के बारे में पूछा तो पूजा ने कह दिया कि वो अपनी मौसी के घर गए हैं।

**बिक्कु ही पहली बार कमलेश को अपने घर लाया था :** बिक्कु कुमार (35) की शादी पूजा से 15 साल पहले हुई थी। 4 बच्चे हैं। दो बेटे हैं और दो बेटियां। सबसे बड़ा बेटा 12 साल का है। दूसरी नंबर पर 10 साल की बेटी है। तीसरे नंबर पर 8 साल की बेटी है। चौथे पर 6 साल का बेटा है। ये सभी अभी अपनी दादी के पास रह रहे हैं। बिक्कु कुमार दाउदनगर के लाला अमौना गांव का रहने वाला था, जो राज मिस्त्री का काम करता था। आरोपी पत्नी पूजा ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि पहली बार बिक्कु ही मसूद कर्मा गांव के रहने वाले कमलेश को घर लेकर पहुंचा था। बिक्कु ने कमलेश से कुछ रुपए उधार में लिए थे।

## इसुआपुर सीएचसी में प्रसूता महिलाओं को दिया गया जज्बा बच्चा किट

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर में रविवार को बिहार सरकार के द्वारा चलाई जा रही है योजना जननी एवं बाल स्वास्थ्य हेतु जज्बा बच्चा किट प्रसूति महिलाओं के बीच वितरित किया गया। डॉक्टर अंकुश कुमार ने बताया कि यह पौष्टिक चीजों से बना हुआ है। इसमें दलिया, घी, चावल और खाने की पौष्टिक आहार है। जो प्रस्तुति महिलाओं में शक्ति लाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि आज तीन प्रसूति महिलाओं को जज्जा बच्चा किट देकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आज शुम्भा गांव के जीतू सिंह की पत्नी जानवी देवी, साहवा गांव के नागेंद्र महतो की पत्नी अंजली देवी तथा भगवानपुर गांव के मंटू कुमार गिरी की पत्नी प्रस्तुति नेहा देवी को दिया गया। किट वितरण के मौके पर डॉक्टर अंकुश कुमार, स्वास्थ्य प्रशिक्षक अनिल कुमार मांझी, एएनएम प्रियंब्दा कुमारी, प्रमिला कुमारी के साथ अन्य स्वास्थ्य कर्मी थे।

## बीएमपी के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर के बंद घर में चोरी

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में बीएमपी के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर बदरे आलम खान के बंद घर में चोरों ने चोरी कर हजारों के सामान की चोरी कर ली है। गृहस्वामी को घटना की जानकारी तब हुई जब घर की रखवाली करने वाली महिला रविवार को सुबह सोनबरसा पहुंची। मिली जानकारी के मुताबिक सोनबरसा निवासी रिटायर्ड बीएमपी के सब इंस्पेक्टर बदरे आलम खान अपने पूरे परिवार के साथ पटना में रहते हैं। वहीं बंद पड़े घर की रखवाली गांव के ही एक महिला द्वारा किया जाता रहा है। उक्त महिला दो दिन के लिए कहीं चली गई थी। दो दिन बाद जब वापस लौटी तो दरवाजा का ताला टूटा देखकर सन रह गई। जब घर के अंदर जाकर देखा तो सारे सामान बिखरे पड़े थे। बक्सा अलमारी का ताला टूटा एवं कब्जा उखड़ा हुआ था। महिलाओं के मौजूद नही रखने की वजह से चोरी गए सामानों की विस्तृत जानकारी नही मिल सकी है। वैसे सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का मामला दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** यूपी के बलिया जनपद के बैरिया थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद निवासी व मांझी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव मे अपने ननिहाल मे रह रही एक युवती को शादी का झांसा देकर मुबारकपुर के ही युवक ने शारीरिक सम्बन्ध बनाया तथा बाद में घर लाई गई युवती को युवक ने मारपीट कर अपने घर से भगा दिया। रविवार को पीड़िता ने मांझी थाने में एक आवेदन देकर मुबारकपुर के ही एक युवक पर शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण को लेकर मांझी थाने मे एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी मे युवती ने यह कहा है कि वह लगभग एक वर्ष पहले अपने मामा की शादी मे शामिल होने मुबारकपुर गयी थी, बाद में उसी गांव के एक युवक से उसकी जान पहचान हो गयी तथा धीरे धीरे उससे फोन पर बातचीत होने लगी और उससे मुझे प्यार हो गया। इधर बीते गुरुवार को आरोपी युवक ने पीड़िता को मांझी के जयप्रभा सेतु पर बुलाया तो वह उससे मिलने आ गई। बाद में उसने अपनी बाइक पर बिठाकर पीड़ित को रसूलपुर थाना क्षेत्र में संचालित एक होटल मे ले गया तथा होटल के एक कमरा मे पीड़िता के साथ उसने शारीरिक संबंध बनाया। फिर होटल से निकल कर दोनों प्रसिद्ध महेंद्रनाथ मंदिर गए जहाँ युवती को उसने मंगलसूत्र पहना कर तथा सिंदूर दान करके उसने पीड़िता से शादी कर लिया। ततपश्चात आरोपी युवक पीड़िता को देर रात अपने घर मुबारकपुर भी ले गया तथा अगले दिन आरोपी ने उसे घर से निकाल कर भगा दिया। इस सम्बंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने बताया की घटना प्रथम दृष्टया सत्य प्रतीत होता है। उक्त मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए जगह जगह छापेमारी की जा रही है।

## जन सुराज पार्टी की सोनपुर विधानसभा क्षेत्र स्तरीय दो कमिटी गठित

### कमेटी के सदस्य जन सुराज के सिद्धांतों, कार्यों एवं चुनाव चिन्ह स्कूल बैग का करेंगे प्रचार प्रसार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के नयागांव बजार स्थित जन सुराज पार्टी कार्यालय में 122 सोनपुर विधानसभा क्षेत्र में जन सुराज पार्टी क़े कार्य प्रणाली, पार्टी क़े सिद्धांतों और विकसित बिहार, समृद्ध बिहार क़े सपना लेकर बिहार को पिछड़ा राज्य से अग्रणी राज्य में पहुंचने क़े लिए पार्टी क़े प्रेणता प्रशांत किशोर विचारों को व्यापक स्तर पर गांव -गांव टोले -महल्ले में पार्टी क़े चुनाव चिन्ह ÷स्कूल बैग÷ क़े साथ प्रचार प्रसार करने के लेकर रविवार को बैठक किया गया। बैठक क़े अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष मनु लाल भगत ने किया, जबकि संचालन तनुज शौरभ ने किया। बैठक में यह चर्चा हुआ कि सोनपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के सिद्धांत एवं प्रशांत किशोर के विचारों को आम जनमानस में प्रचार प्रसार करना है साथ ही जन सुराज 243 सीट पर चुनाव लड़ेगी जिसका चुनाव चिन्ह÷ स्कूल बैग ÷के लेकर प्रचार प्रसार करना है साथ ही सोनपुर विधानसभा क्षेत्र स्तरीय दो कमेटी का गठन किया गया है। बनाए गए दो कमेटियों को अपने कार्यों को पूरी ईमानदारी के साथ तत्परता के साथ कार्य करेंगे जिनको यह जिम्मेवारी दी गई है। मौके पर उपस्थित रहे जिला सचिव सरोज गुप्ता , पूर्व सभापति अशोक सिंह, प्रभारी सुशील साह, रामबाबू यादव,युवा अध्यक्ष नवल कुमार, पारस नाथ गुप्ता, नागेंद्र राय,संजीत,बच्चा राय, राहुल राज, प्रभात, वैभव सिंह, पवन जी,सुदीश राय, राज किशोर राम, नीरज कुमार,मनोज चौरसिया, गुड्डू सिंह, राजन शर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन छपरा शाखा की मासिक बैठक संपन्न

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन छपरा शाखा की मासिक बैठक रविवार को 10 बजे पूर्वाह्न से पराशर कम्प्लेक्स भगवान बाज़ार में हुई। एसोसिएशन के सदस्य सी डी शर्मा के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्व मोहन सिंह ने किया। बैठक ठक को संबोधित करते हुए उप सचिव डॉ ए एच अंसारी ने बताया कि पेंशनर्स से सरकार 15 वर्षों में पेंशन कम्यूटेशन की राशि की कटौती करती है। जबकि कम्यूटेशन की राशि की भरपाई सरकार लगभग 12 वर्षों में पूरी कर लेती है। इसको लेकर राज्य सरकार कर्मचारी एवं रेलवे के पेंशनर्स ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के लखनऊ बेंच ने अप्रैल में एक जजमेंट दिया है। जिन पेंशनरों की कटौती होते 11 वर्ष हो गया है , वे निर्धारित फार्म में




आवेदन ज़रूर करें। डॉ अंसारी ने कहा कि केंद्र सरकार आठवें पे कमीशन का गठन शीध्र करे , जनवरी 2026 से इसे लागू करे तथा सभी पेंशनर्स को भी समान पेंशन वृद्धि दे। फ्रीज किए गए अठारह माह की मँहगाई राहत एरिएर की भुगतान शीध्र करे। जन्मदिन पर पेंशनर्स को शुभकामनाएँ देते हुए स्वस्थ्य जीवन की मंगलकामना की। कार्यकारी अध्यक्ष ओ पी पराशर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार आठवें वेतन आयोग गठित की तो खुशी हुई। लेकिन उसके क्रियाकलापों से मन दुखित है। उसने वित्त विधेयक पास कराकर पेंशनर्स के हित पर कुठाराघात किया है। इस काला क़ानून की हम निंदा करते हैं। गर्मी के मौसम में पेंशनर्स को अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई और कहा कि लू से बचाव करने की ज़रूरत है। शाखा सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र सरकार 25 मार्च को संसद में विधेयक लाकर सेवानिवृत्ति के आधार पर 8वें वेतन आयोग के लाभों से पेंशनर्स को वंचित करने की साज़िश कर रही है। यह पेंशनर्स के लिए काला क़ानून है। केन्द्र सरकार की यह कुठाराघात पेंशनर्स कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। ऐसा करना केंद्र सरकार को मँहगा पड़ेगा। इससे पेंशनर्स के बीच भारी आक्रोश है। आठवें वेतन आयोग से जनवरी 2026 के पहले सेवानिवृत कर्मचारियों को लाभ से वंचित करना और पेंशनरों की हितों की अनदेखी करना भारी पड़ेगा। इस काले क़ानून के ख़िलाफ़ आज की बैठक में सदस्यों द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया और इसकी घोर निन्दा की गई। उन्होंने सरकार से माँग की पेंशनरों के साथ भेदभाव सरकार नहीं करे। साथ ही 65 , 70 , 75 वर्ष आयु पर क्रमशः 5 ,10 ,15 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता की माँग केंद्र सरकार से की। उन्होंने कहा कि पेंशन सेवानिवृत्त कर्मचारियों का हक़ है , पेंशन कोई भीक नहीं है। अगर केंद्र सरकार आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स के इन माँगों की अनदेखी करेगी तो पेंशनर्स समाज राष्ट्र स्तरीय आंदोलन के लिए मजबूर होगा। इसलिए सरकार को आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्स हितों का विशेष ध्यान रखना होगा। अध्यक्ष विश्वमोहन सिंह ने शाखा की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए सदस्यता बढ़ाने पर ज़ोर दिया तथा सभी पेंशनर्स का आई कार्ड एवं ई-उमीद कार्ड बनाने की तकनीक पर चर्चा की। उपस्थित पेंशनर्स से आई कार्ड बनाने हेतु आवेदन पत्र लिया गया। अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह ने जिन पेंशनरों की जन्मदिन जून माह था उनको बधाई कार्ड देते हुए स्वस्थ्य और लंबी उम्र की शुभकामनाएं दीं। बैठक को सम्बोधित करने वालों में डॉ ए एच अंसारी, ओमप्रकाश पराशर, राज कुमार श्रीवास्तव, सुरेन्द्र सिंह, पी के मांझी, मुद्रिका प्रसाद , रवि भूषण सिन्हा , बी के सिन्हा आदि हैं।

## भगवान श्रीराम की सेवा में समर्पित रहे हैं, श्री लक्ष्मण जी- विद्या भूषण जी महाराज

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के अरदेवा-जिमदाहा गांव स्थित श्रीनारद बाबा के आश्रम पर आयोजित नौ दिवसीय श्री शतचण्डी महायज्ञ के चौथे दिन रविवार को यज्ञधीश सह कथा वाचक विद्या भूषण जी उर्फ कवि जी महाराज ने श्रीरामचरितमानस में श्री लक्ष्मण जी की चरित्र सेवा और समर्पण का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्मण जी श्रीराम की सेवा को ही अपने जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते थे। वे तन, मन, वचन तथा शरीर से श्रीराम की सेवा में लगे रहते थे। महर्षि विश्वामित्र के साथ श्रीराम और लक्ष्मण जी मिथिला पहुँचते हैं। सुबह में श्रीराम और विश्वामित्र



दोनों से उठते हैं। लक्ष्मण सोने के क्रम में विश्वामित्र और श्रीराम के बार्य विस्तर पर जाकर सोते नहीं, लेटते हैं। लेटने के पहले गुरु विश्वामित्र तथा अग्रज श्रीराम के चरणों को सादर और सप्रेम द?बाते हैं। उनका यह आचरण आज के युग में सेवा और सम्पर्णता की शिक्षा देता है। गोस्वामी जी सिखते है- पुनि-पुनि प्रभु कह सोवहू ताला, पैढ़ कर धार पद जल जाता। मौके पर मुख्य यजमान पंकज बाबा, बसंत कुमार सिंह सपत्निक, चुन्नू सिंह सपत्निक, जिला पार्षद हरि शंकर सिंह उर्फ हरि सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह बिक्कू, मुखिया सुशील कुमार सिंह, डॉ रंजय सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, श्रीकांत सिंह, अशोक यादव नेताजी, रामाधार सिंह, भुनेश्वर सिंह चंदन तिवारी, अवधेश सिंह, मनोज सिंह, जयंत सिंह, मीरा सिंह, छोटू सिंह, समेत सैकड़ो की संख्या में भक्तों श्रद्धालु उपस्थित है।

## अलग अलग कांडो में संलिप्त कुल 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने विशेष छापामारी समकालीन अभियान चलाकर पुलिस पर हमला,आर्म्स एक्ट,रंगदारी/मारपीट जैसे कांडों में वांछित अभियुक्त 2 सहित कुल 5 लोगो को गिरफ्तार कर लिया है । उक्त बात क़े जनकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनंदन ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार किए गये (1)--रामजी राय पिता अमेरिका राय घर जैतीय थाना सोनपुर जिसके ऊपर 6 कांड के आरोपी हैं। जिसमें आर्म्स एक्ट, रंगदारी, मारपीट, शराब के मामले सहित अन्य कई कांडों में वांछित अभियुक्त है इसके उपर दर्जनों धराएं लगाया हुआ है । (2) मनु सिंह पिता स्वर्गीय राजदेव सिंह घर प्रवेजाबाद थाना सोनपुर जो 6 कांड के आरोपी है। जिसमें आर्म्स एक्ट,मारपीट,शराब के मामले सहित अन्य कई कांडों में वांछित अभियुक्त है इसके उपर दर्जनों धराएं लगा हुआ है। (3) श्यामबाबू चौधरी उर्फ %कचकच÷ पिता अशोक चौधरी घर बरबटा, सोनपुर (4) संजीत कुमार पिता स्व शिवनाथ राय घर चित्रसेनपुर, (5) आनंद कुमार पिता मुकेश कुमार राय घर राजपाकड़ जिला वैशाली है। गिरफ्तार किए गये तीन आरोपी को पुराना इतिहास को पुलिस खंगाल रही है। इन लोगों के पास से दो पहिया वाहन दो,अंग्रेजी शराब 1.5 लीटर,2 मोबाईल को जप्त किया गया है।

## सोनपुर में कांग्रेस प्रखंड समिति की हुई बैठक

दैनिक खोज खबर/सोनपुर। कांग्रेस प्रखंड समिति सोनपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को गोविन्दचक जेपी सेतु रोड स्थित पार्टी कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष पंकज सिंह परमार ने की, जबकि संचालन दुधैला पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए कांग्रेस पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया। चर्चा का प्रमुख विषय आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति और तैयारियां रहीं। खास तौर पर सोनपुर विधानसभा क़े 293 मतदान केन्द्रों पर बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) की नियुक्ति को लेकर विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मौजूद नेताओं ने चुनाव आयोग द्वारा हाल ही में मतदाताओं से संबंधित जारी निर्देशों पर असहमति जताते हुए उन्हें ÷अन्यायपूर्ण और व्यवहारिकता से परे÷ बताया। वक्ताओं ने कहा कि ये निर्देश जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते, जिससे निष्पक्ष चुनाव कराने में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो सकती हैं।

## भाजपा नेता राकेश सिंह को पुन: प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनाये जाने पर लोगों ने दी बधाई

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भाजपा नेता राकेश सिंह को पुनः प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनाये जाने क़े बाद बधाई देने वाले का ताँता लगा रहा ताता। कोई फोन से तों कोई मिलकर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य क़े कामना कर रहे है।राकेश सिंह ने बाबा हरिहरनाथ मंदिर पहुँच कर पुजा अर्चना कर राज्य व क्षेत्र में अमन चैन बने रहे और बिहार प्रगति की ओर बढ़े इसके लिए बाबा हरिहरनाथ से दुआएं मांगी। इसी क्रम मे बाबा हरिहरनाथ मंदिर परिसर मे मंदिर सचिव विजय सिंह लाला, भाजपा नेता विनोद सिंह सम्राट ने अंग वस्त्र व फूल माला और मिठाई खिलाकर बधाई दिया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष निर्भय सिंह, उप कोषाध्यक्ष मिथलेश श्रीवास्तव,मंदिर पुजारी सुशीलचंद्र शास्त्री,प्रो चंद्रभूषण तिवारी सहित अनेक लोग बधाई और शुभकामनायें दिया। इस के लिए सभी लोगो ने प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल,सांसद राजीव प्रताप रूडी और जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह को भी धन्यवाद दिया। इस अवसर पर लोगो ने कहा की इनके पार्टी मे पुनः प्रदेश कार्य समिति बनने पर पार्टी को नई मजबूती मिलेगी और संघठन मजबूत होगा और यह हमेशा पार्टी के कार्यों मे लगे रहते है और इनका बाबा हरिहरनाथ मंदिर के प्रति श्रद्धा रहती है।



## राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल के पहले मैच में बिहार ने कर्नाटक पर 25-03 गोल से दर्ज की जीत

**दैनिक खोज खबर/पटना।** 54वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल में भाग लेने भुज गुजरात पहुँची बिहार टीम ने अपने लीग के पहले मैच में कर्नाटक पर बड़ी जीत दर्ज की। बिहार के महिला खिलाड़ियो ने कोच संजीव कुमार के निर्देशन में बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक को 25 - 03 गोल के अंतर से पराजित कर अपने पूल का पहला मैच जीता । बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने बताया कि बिहार टीम से सबसे अधिक पटना की सोनी ने 5 तथा सारण की मुस्कान ने 4 गोल , नवादा की जानवी ने 3, सीवान की निशा ने 3 गोल, पटना की मानसी ने 3 गोल, सारण की तृप्ति ने दो गोल के अलावे सिमरन ने 2 गोल , करिश्मा , स्वेता , सिमरन ने बिहार के लिए एक एक गोल किया। पूल के ग्रुप ई में बिहार को आखिरी मैच पश्चिम बंगाल से खेलना है उसके बाद बिहार टीम सुपर लीग खेलेगी। बिहार टीम के बेहतर प्रदर्शन पर सभी ने बधाई व शुभकामना दी है।



### जेकर केहु ना सहारा ओकर भइनी ए हरि...

## एकमा तिलकार के राधा कृष्ण मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर/एकमा(सारण)।** जल में पुकारे हाथी ,आके बनी गईनी साथी।जेकर केहु ना सहारा ओकर भ इनी ए हरी.. आदि भजनों से रविवार को गूंजता रहा एकमा प्रखंड के तिलकार गांव का राधाकृष्ण मंदिर।एकमा प्रखंड के परसा पूर्वी पंचायत के तिलकार गांव में जिलेबिया पोखरा तालाब स्थित राधाकृष्ण मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ।प्राचीन वन देवी मंदिर प्रांगण में राधाकृष्ण मंदिर के संस्थापक प्रभुनाथ मिश्रा और व्यावस्थापक सेवानिवृत्त फौजी पुरूषोत्तम मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित भजन कीर्तन कार्यक्रम में क्षेत्र के एक से बढ़ कर एक गायक वादक कलाकारों ने अपने अपने कला का प्रदर्शन किया।प्रसिद्ध लोक गायक रामेश्वर गोप के अलावे ब्यास परमेश्वर यादव प्रेमी,मिसराम,तारकनाथ पांडेय आदि गायकों के साथ ढ़ोलक पर वीरेंद्र मिश्र, तबले पर शारदा प्रसाद.सहित शिव शंकर, राजेश्वर साह,गौतम मिश्रा ,लक्खी ,जग्गु,भिखारी यादव आदि ने विभिन्न वाद्ययंत्रों का सराहनीय वादन और सह गायन किया।मौके पर चंद्रिका प्रसाद, प्रमोद मिश्रा,गणेश मिश्रा आदि थे।





## भूमि विवाद में मारपीट, एक घायल

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के संघमित्रा स्कूल के समीप शनिवार की देर शाम भू माफियाओं ने भूमि पर कब्जा करने का विरोध करने पर एक व्यक्ति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे स्वजनों ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सिघवल गांव निवासी ऐनुल हक उर्फ शेख बादशाह के पुत्र मोहम्मद अली शाह भट्टू के रूप में हुई है। घायल ने बताया कि संघमित्रा स्कूल के पास उसकी भूमि है। शनिवार को जब वह वहां पहुंचा तो देखा कि उसके ही गांव के लगभग आध दर्जन से अधिक भू माफिया उसकी भूमि की चारदीवारी कर रहे हैं। जब इसका विरोध किया तो सभी ने हथियार के कुंदे एवं बट से मारकर उसे घायल कर दिया। बताया कि इसके पहले भू माफियाओं ने उससे दस लाख रुपए की रंगदारी की भी मांग की थी।

## डकैतो के भय से रतजग्गा कर रहे ग्रामीण

**सिवान।** नौतन थाना क्षेत्र के विशंभरपुर गाव में शुक्रवार की रात डकैतों ने दो घरों में डकैती की तथा महिलाओं को बंधक बनाकर पिटाइ भी की। इस घटना के बाद रात्रि गांव के लोग रतजग्गा कर रहे हैं। वहीं घटना के बाद डकैतों की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीण भयभीत हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अखिलेश पासवान ने बताया कि डकैत जल्द ही गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

## मोहर्रम की चल रही तैयारी, हजरत हुसैन की याद में गुजारे जा रहे दिन

**हसनपुरा (सिवान)।** प्रखंड के विभिन्न गांवों के सभी चौक पर चिराग रौशन करने का सिलसिला शुरू है। मोहर्रम माह के तीसरे दिन रविवार को सभी इलाकों में विभिन्न तैयारियां की जा रही है। एक से एक कारीगरों द्वारा ताजिया बनाने का सिलसिला चल रहा है। बता दें कि इस्लामी वर्ष यानी हिजरी वर्ष का पहला महीना मोहर्रम है। अल्लाह के रसूल हजरत मुहम्मद (सल्ल.) ने इस मास को अल्लाह का महीना कहा है। वहीं 10 दिनों तक चलने वाला यह पर्व काफी शोक से गुजारा जाता है। खासकर शिया समुदाय के लोगों में। उसरी खुर्द, हसनपुरा, मंद्रापाली गांव के इमामबाड़ों में मजलिस, मातम नौहा का सिलसिला चल रहा है। मौलाना वसी इमाम साहब ने कहा कि इस माह के 10वां दिन आशरे के दिन एक ऐसी घटना हुई थी, जिसका विश्व इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है। इराक स्थित कर्बला में हुई यह घटना दरअसल सत्य के लिए जान न्योछावर कर देने की जिंदा मिसाल है। बुजुर्ग कहते हैं कि इसे याद करते हुए भी हमें हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के आदर्शों को अपनाना चाहिए।

## करसौत में गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल, दुकान में दो लाख की संपत्ति की क्षति

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बोधा छपरा में शनिवार की शाम गोली मारकर घायल करने एवं हार्डवेयर दुकान में तोड़फोड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। फायरिंग में ए व्यक्ति घायल हो गया। घायल दारोगा सिंह हैं गोली उनके सिर को छू कर निकल गई। मामले में घायल के पुत्र बालेश्वर कुमार हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को मैं दुकान पर करसौत के एक व्यक्ति आकर मेरे यहां एक मजदूर के साथ गाली गलौज करने लगे। जब मैंने इसका विरोध किया तो वह व्यक्ति मेरे साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे, साथ ही शाम में गोली मारने की धमकी देते हुए चला गया। मैंने इसकी सूचना डायल 112 को दी, लेकिन पुलिस नहीं पहुंची। तब तक वह व्यक्ति शाम में कुछ लोगों के साथ पहुंच तोड़फोड़ करने लगे। तोड़फोड़ का विरोध करने पर फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली मेरे पिता के सिर को छूती हुई निकल गई। घायल पिता को स्थानीय लोगों के सहयोग से महाराजगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बालेश्वर कुमार ने बताया कि उक्त लोगों ने दुकान से 60 हजार रुपये लेकर चले गए तथा दुकान में तोड़फोड़ कर करीब दो लाख की क्षति पहुंचाई।

## युवक की हत्या मामले में डीआइजी ने की जांच, दिए कई निर्देश

**पचरुखी (सिवान)।** थाना क्षेत्र के घरथवलिया में 27 जून की शाम 10 की की संख्या में बदमाशों ने तीन भाई हरदिया निवासी इरशाद उर्फ राजा, अजमत तथा कैफ की गोली मार दी थी। इसमें इरशाद की मौत हो गई थी जबकि दो भाइयों का इलाज चल रहा है। इस मामले में डीआइजी निलेश कुमार ने शनिवार की शाम घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा मृतक के स्वजनों से भी मुलाकात कर पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने थानाध्यक्ष सनी कुमार को कई दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर एसपी मनोज कुमार तिवारी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## महिला की आत्महत्या मामले में मुथूट माइक्रोफिन के कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी

**गुठनी (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मिश्रौली की सुशीला देवी आत्महत्या मामले में मृतका के पति मुकेश राम ने थाना में आवेदन देकर मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड के तीन कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी कराई है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मुकेश राम के आवेदन पर माइक्रो फाइनेंस के तीन कर्मी के खिलाफ प्राथमिकी कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। पुलिस घटना की हर पहलू पर गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है। फोरेंसिक जांच टीम आई थी और आवश्यक नमूना संकलित की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी मिलान किया जाएगा। उधर घटना के बाद राजनीतिक कार्यकर्ताओं का पीड़ित परिवार को सांत्वना देने का सिलसिला जारी है। विधायक सत्यदेव राम ने घटना के दिन ही स्वजनों से मिलकर ढाढ़स बंधाते हुए न्याय दिलाने तथा हर संभव मदद का आश्वासन दिया था।

## जमीनी विवाद में युवक को मारपीट कर किया जख्मी

**मढ़ौरा (सारण)।** थाना क्षेत्र के मुबारकपुर धर्मौली में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाकर एक युवक ने 12 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। मुबारकपुर धर्मौली निवासी सुनील यादव ने दर्ज प्राथमिक में अपने ही भाई पाटीदार मनोज राय, विनोद राय, अनिल यादव, नीतीश कुमार, निधि कुमारी, बंटी कुमारी, संदीप कुमार, मनीष कुमार, अंकित कुमार, निशु कुमारी, इंदु देवी, रंजू देवी को आरोपित किया है। प्राथमिक में कहा है कि सभी उसके साथ षडयंत्र कर उसे धोखे से बुलाया और मिलकर मारपीट की और रुपये छीन लिए। इस दौरान जब उसकी पत्नी संध्या कुमारी उसे बचाने पहुंची तो आरोपियों ने उसे भी लाठी डंडा से पीट कर जख्मी कर दिया। मामले में पीड़ित ने आरोपियों पर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## आपसी विवाद में पिता एवं पुत्र पर तेजाब फेंका

**परवेज अख्तर/सीवान।** महाराजगंज शहर के पुरानी बाजार में रविवार की शाम लगभग 4 बजे आपसी विवाद को लेकर हमलावरों ने पिता एवं पुत्र पर तेजाब फेंककर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया.घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है.घटना के संबंध में घायल लाल बाबू प्रसाद ने बताया कि वे अपने पुत्र आदर्श के साथ अपनी दुकान आदर्श ज्वेलर्स पर बैठे थे. इसी दौरान बगल की दुकान में कारीगर का काम करने वाला उनका सगा भाई रामबाबू प्रसाद किसी बात को लेकर गली गलौज करने लगा.उन्होंने बताया कि मना करने उसने अपने दुकान ने रखे तेजाब को मेरे तथा मेरे पुत्र के ऊपर फेंक दिया.दोनों व्यक्ति तेजाब से बूटी तरह झुलस गए है.घायल लाल बाबू ने बताया कि अक्सर उसका भाई झगड़ा करता रहता है।

## गृहरक्षकों की हुई आम सभा की बैठक

**सिवान।** बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ ने महादेवा रोड स्थित पुरानी जेल परिसर में रविवार को एक आम सभा की बैठक आयोजित की। इसमें गृहरक्षकों की लंबित मांगों पर चर्चा हुई। बैठक में संघ के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। संघ के सचिव रमेश कुमार सिंह ने सरकार से मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की और चेतावनी दी कि मांगे पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल या आंदोलन किया जाएगा। बैठक में स्वयंसेवकों ने एकजुटता दिखाते हुए सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति तैयार की। यह बैठक गृहरक्षकों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए महत्वपूर्ण रही।

# युवतियों और महिलाओं को हुनरमंद बनाना संस्था का मुख्य लक्ष्य- अंशु सिंह

### स्थापना दिवस सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शहर ही बल्कि बिहार और उत्तर प्रदेश की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति के स्थानीय शाखा कार्यालय साधनापूरी छपरा में संस्था द्वारा संचालित निःशुल्क कटिंग और टेलरिंग केंद्र की स्थापना दिवस के 1 वर्ष पूर्ण होने पर समारोह आयोजित कर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सफल प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की संरक्षिका सदस्य अंशु सिंह ने कहा की सभी युवतियों और महिलाओं को हुनरमंद बनाना संस्था का मुख्य लक्ष्य है। क्योंकि वर्तमान समय में हर किसी को अपने पैरों पर खड़े होने के लिए कोई ना कोई हुनर सीखना बहुत ही जरूरी हो गया है। एक बार पारंगत हो जाने पर आपको विभिन्न प्रकार की रोजगार के अवसर मिलना शुरू हो जाता हैं। जिससे आप अपने परिवार को एक



उज्जवल भविष्य दे सकती हैं। संस्था प्रमुख डॉ अंजु सिंह ने सभी सफल प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सतत प्रयत्नशील रहने एवं अप दीपोभव का उदाहरण देते हुए अपना दीपक स्वयं बनने की प्रेरणा दी है। कार्यक्रम का संचालन अरिजीत सिंह ने किया। जबकि इस अवसर पर युवतियों और महिलाओं द्वारा बनाए गए कपड़ों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसको कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने एक स्वर से सराहते हुए कहा कि साधारण परिवार की महिला और युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उक्त संस्था अहम योगदान निभा रही है। संस्था की संरक्षिका सदस्य अंशु सिंह द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सुरभि कुमारी, अंजली कुमारी, अफसाना खातून, सपना कुमारी, रजनी कुमारी, पिंकी कुमारी, संगीता देवी, साल्टी गुप्ता, निकिता कुमारी, सोनी देवी सहित कई अन्य महिला और युवतियां शामिल रही। जबकि प्रशिक्षिका मणि शाही और प्रीति शाही सहित दर्जनों लड़कियां और महिलाएं उपस्थित रही।

## मढ़ौरा की डॉ. कल्याणी ने झारखंड के राज्यपाल से मिल महिला सुरक्षा को लेकर की चर्चा पर रखी बात



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की राष्ट्रीय महासचिव डॉ. कल्याणी सिंह ने झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से महिला सुरक्षा को लेकर राजभवन में मुलाकात की। मूल रूप से मढ़ौरा निवासी डॉ. कल्याणी ने महिला सुरक्षा और अपराध नियंत्रण पर राज्यपाल से विशेष तौर पर चर्चा की। इस दौरान संगठन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अपराध नियंत्रण व सामाजिक सरोकार के साथ एक महत्वपूर्ण प्रकरण से जुड़े विषय पर राज्यपाल को विस्तृत जानकारी दी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने डॉ. कल्याणी और उनके संगठन के कार्य और प्रयासों की सराहना की। कहा कि संबंधित प्रकरण में उनके द्वारा शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।राज्यपाल से मिले प्रोत्साहन और आश्वासन पर अपना आभार जताते हुए डॉ. कल्याणी ने कहा कि उनका संगठन मानवाधिकारों की रक्षा एवं समाज कल्याण हेतु सजग है। संगठन देशभर में अपराध नियंत्रण एवं मानवाधिकार जागरूकता के क्षेत्र में अपने प्रयासों को और अधिक सक्रियता और मजबूती के साथ आगे बढ़ा रही है। डॉ. कल्याणी ने अपने संकल्प को सामने रखते हुए कहा कि संगठन समाज के वंचित, जरूरतमंद लोगों की आवाज को उठाने का लगातार काम कर रही है।

## सांसद आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी रेडियो कार्यक्रम प्रधानमंत्री की मन की बात

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर (सारण)।** जलालपुर बाजार स्थित सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के आवास स्थित माधोपुर शक्ति केंद्र के बूथ नंबर 215 पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेडियो पर प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना।बाद मे मन की बात कार्यक्रम की चर्चा करते हुए युवा नेता सह भाजपा क्रीड़ा मंच के पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद सिग्रीवाल ने पी एम के मन की बात कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि 123 वे एपिसोड में प्रधानमंत्री जी ने योग दिवस की तारीफ की तथा इमरजेंसी की आलोचना की। उन्होंने खाने में 10त्न तेल कम करने की बात दोहराई।उन्होंने आपातकाल का समय याद कर इसकी आलोचना की और कहा कि इमरजेंसी के समय लड़ने वाले लोगों को याद रखा जाना चाहिए।उन्होंने सेहत पर बात करते हुए बताया कि खाने में 10 फिसदी तक तेल कम करने की बात दोहराई। उन्होंने लोगों से स्वदेशी खरीदने की बात की अपील की। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओ ने पी एम के मन की बात कार्यक्रम की प्रशंसा की।मौके पर सोशल मीडिया जिला संयोजक सारण पश्चिमी दीपू चतुर्वेदी, जलालपुर पूर्वी मंडल अध्यक्ष कुश पांडेय, विजय सिंह, सचिन सिग्रीवाल एवं पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में एक की मौत

**सिवान।** दारौंदा-महाराजगंज मुख्य पथ स्थित दारौंदा थाना क्षेत्र के उजाय पेट्रोल पंप के समीप रविवार की दोपहर दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में दो युवक घायल गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दारौंदा में भर्ती कराया। जहां से स्थिति गंभीर को देखते हुए डाक्टरों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर एक युवक को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे का इलाज कर स्थिति गंभीर को देखते हुए पटना रेफर कर दिया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के झंझावा गांव निवासी शिवनारायण महतो के पुत्र जमादार महतो के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान जीबी नगर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर लालगढ़ गांव निवासी विपिन सिंह के पुत्र शिवम कुमार सिंह के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। वहीं दोनों बाइक का जब्त कर ली। इस दौरान सदर अस्पताल में काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शिवम बाइक से अपनी बहन के घर से अपने घर जा रहा था। वहीं जमादार महतो महाराजगंज से दारौंदा की तरफ जा रहा था, इसी दौरान दोनों बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें जमादार महतो की मौत हो गई, वहीं शिवम गंभीर से घायल है।

## आपरेशन अमानत के दौरान दो यात्रियों का लौटाया गया सामान

**सिवान।** आपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ ने दो यात्रियों का सामान बरामद कर उसके सिपुर्द कर दिया। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि पहला मामला 28 जून को सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 14673 के कोच संख्या बी वन के बर्थ नंबर 73 पर एक ट्राली बैग छूट गया है। उपरोक्त ट्राली बैग को प्लेटफार्म ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल परमानंद प्रसाद द्वारा बरामद कर बल पोस्ट पर लाया गया, तभी ट्राली बैग के स्वामी गया जिला के राहुल कुमार पोस्ट पर उपस्थित हुए। उनके समक्ष बैग को खोलकर देखा गया तो उनके बताए गए सामानों के अनुसार बैग में रखे पुराने कपड़े आदि बरामद हुए। सामान की अनुमानित कीमत पांच हजार रुपया बताया गया। बैग व समान ठीक ठीक हालत में स्वामी राहुल कुमार को सुपुर्द किया गया। वहीं दूसरी सूचना थी कि गाड़ी संख्या 02564 के कोच संख्या एम वन बर्थ संख्या 63, 64 के नीचे एक पीले रंग का कार्टून छूट गया है। उपरोक्त सूचना प्लेटफार्म ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल परमानंद प्रसाद को नोट कराई गई। जिनके द्वारा उपरोक्त गाड़ी को अटेंड कर कार्टन बल पोस्ट पर लाया गया। कार्टन के स्वामी दरौली थाना क्षेत्र के गढ़वार निवासी विनय बाजपेई पोस्ट पर उपस्थित हुए। कार्टून स्वामी व रोजनामचा लेखक कांस्टेबल नीरज कुमार पांडेय के समक्ष कार्टन को खोलकर देखा गया तो कार्टन में एक मिक्सर मौजूद मिला। सामान की अनुमानित कीमत तीन हजार रुपया स्वामी द्वारा बताई गई। कार्टन को ठीक ठीक हालत में स्वामी के सुपुर्द किया गया।

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश को पैर में लगी गोली, घायल

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में शनिवार व रविवार की मध्य रात्रि पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया। बदमाश को पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसका इलाज चल रहा है। इस दौरान काफी संख्या में लोगों की भीड़ हो गई। घायल की पहचान लक्ष्मीपुर निवासी सुनील कुमार सिंह के रूप में हुई है। सुनील के पैर में पुलिस ने गोली मारी है। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्टल, एक मैगजीन, एक खोखा व तीन जिन्दा गोली बरामद की है। मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि घायल बदमाश सुनील एमएम कालोनी निवासी अशरफ को गोली मारने का योजन बनाई थी। इसी मामले में शनिवार देर शाम उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद हथियार बरामद करने और अन्य जांच के लिए उसे लक्ष्मीपुर लेकर पुलिस गई। इस दौरान सुनील ने छुपाकर र रखे पिस्टल को निकालकर पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसके पैर में गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया।अस्पताल में इलाज के दौरान पुलिस की गोली से घायल हुए सुनील कुमार ने मीडिया के सामने दावा किया कि पुलिस मुठभेड़ फर्जी है। बताया कि पुलिस उसे गिरफ्तार करके थाना लेकर आयी। रविवार की सुबह नगर थाना प्रभारी राजू कुमार एवं एसटीएफ प्रभारी विनोद कुमार सिंह द्वारा उसे उसके घर लक्ष्मीपुर ले जाया गया, जहां उसे पैर में गोली मार दी गई। घायल बदमाश ने कहा कि गोली मारने के बाद पुलिसकर्मी उसे लेकर अस्पताल आए और इलाज कराया। इस मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि सुनील के पट्टीदारी में एक भाई श्रवण है। श्रवण व अशरफ में डेढ़ कट्ठा भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। उक्त भूमि पर दोनों कब्जा करने चाहते हैं, इस पर सुनील ने दो लाख रुपया में अशरफ की हत्या करने की साजिश रची थी। 28 जून की सुबह सिसवन ढाला पर अशरफ की हत्या होनी वाली थी। इसी बीच पुलिस ने सुनील को गिरफ्तार कर लिया। बात दें कि सुनील ने दो जून को पुलिस अधीक्षक को नगर थाना इंस्पेक्टर पर दबाव बनाकर उसकी कार जबरन घर से उठा लेने का आवेदन दिया गया था। वहीं सुनील ने अपनी गिरफ्तारी के दौरान पुलिस पर ही जबरन और झूठा केस बनाकर उसे फंसाने का आरोप लगाया था।

## आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर भाजयुमो ने चलाया युवा संसद

**सिवान।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा आपातकाल के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को जिला परिषद के सभागार में एक माक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को 1975 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल के दौरान लोकतंत्र पर हुए हमले और उसकी चुनौतियों से अवगत कराना था। पहले सत्र का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रोफेसर अभिमन्यु सिंह, पूर्व विधान पार्षद मनोज सिंह द्वारा संयुक्त रूप में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने कहाकि कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल को इस देश के हर छात्र और नौजवान को जानना चाहिए। इस युवा संसद के माध्यम से भाजपा युवा मोर्चा अपने छात्र और छात्राओं को इस बात से अवगत करा रहा है कि कांग्रेस सरकार द्वारा 1975 में कैसे लोकतंत्र की हत्या की गई थी। प्रोफेसर अभिमन्यु सिंह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा 25 जून को रात्रि में आपातकाल लगाकर देश के कानून, प्रिंट मीडिया और राजनेता को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर जेल में डाल दिया। पहले सत्र के धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुमार सिंह ने कहा कि युवा सांसद के माध्यम से आज के युवा अपने इतिहास को जाने कि आज से 50 साल पहले कांग्रेस के तानाशाही नीतियों द्वारा आम जनता की आवाज दबाने का काम किया गया। कार्यक्रम के संचालन भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नीतीश कुमार ने किया।

## हाई स्कूल में छात्रों के बीच मारपीट का मामला थाना पहुंचा, दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज

**मढ़ौरा(सारण)।** उच्च विधालय मढ़ौरा में स्कूली बच्चों के दो ग्रुप में हुई मारपीट में एक पक्ष से जयराम महतों की पत्नी लगन देवी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कहा है कि उसका 16 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार दसवी वर्ग का छात्र है। बीते शुक्रवार को वह विधालय पढ़ने गया था। विधालय प्रार्थना के दौरान असोइयां निवासी 20 वर्षीय मनीष कुमार हाथ में लोहे का फाइटर लेकर अन्य 15-20 अज्ञात के साथ रोहित कुमार को जान मारने की नीयत से मारपीट करने लगा। रोहित को बचाने उसका दूसरा पुत्र रूपेश कुमार वहां पहुंचा तो अरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। सभी ने उसके पुत्र रोहित को मारपीट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया, जिससे वह गिरकर बेहोश हो गया। बाद में पुलिस की 112 की टीम पहुंचने पर आरोपी गण वहां से भाग निकले। इसी मामले में एक पक्ष से असोइयां निवासी नरेश कुमार ने शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें स्कूली विवाद में उसके पुत्र हिमांशु कुमार को मारपीट कर जख्मी कर देने की बात कही थी। मामले में नाटुर महतों, जयराम महतों, छठू महतों व संजय राणा के साथ अन्य अज्ञात को आरोपित किया था।

### चोरों ने पांच दुकानों का नकद सहित लाखों की चोरी

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के थाना रोड़ स्थित पांच दुकानों में अज्ञात चोरों द्वारा शनिवार की रात शटर तोड़कर नकद सहित लाखों रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली गई। ये घटना नगर थाना से महज सौ गज की दूरी पर स्थित शहीद सराय समीप की है। घटना की जानकारी रविवार की सुबह में लोगों को तब हुई जब उन्होंने दुकान का शटर टूटा देखा। इसके बाद दुकानदारों ने इसकी सूचना नगर थाना को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। हालांकि दुकानदारों द्वारा देर शाम तक थाना में आवेदन नहीं दिया गया था। दुकानदारों का कहना था कि उन्हें इस मामले में कुछ भी जानकारी साझा नहीं करनी है। दुकानों में चोरी के बाद जहां पुलिस की गश्त पर सवाल खड़े हो रहे हैं वहीं पुलिस के लिए चोरों को पकड़ना एक चुनौती बनी है। चोरों ने जिन दुकान को अपना निशाना बनाया उसमें पहला डाबर दवा दुकान, कपड़ा की दुकान, सिलाई की दुकान, फुटवेयर दुकान शामिल हैं।

## सात वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस टीम ने छापेमारी कर नौतन थाना क्षेत्र से किया गिरफ्तार

**मैरवा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के तितरा में हुए एक डकैती कांड मामले में सात वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस टीम ने छापेमारी कर नौतन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश नौतन थाना क्षेत्र के हथौजी निवासी अतुल कुमार साह है। उसके विरुद्ध विभिन्न थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 (मैरवा) गौरी कुमारी ने इसकी जानकरी देते हुए बताया कि मैरवा थाना क्षेत्र में 2017 में हुए डकैती की घटना में फरार चल रहे अभियुक्त नौतन थाना क्षेत्र के हथौजी निवासी अतुल कुमार साह को उसके घर से मैरवा और नौतन पुलिस की संयुक्त पुलिस टीम ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे रविवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार बदमाश के विरुद्ध जिले के कई थाने में आपराधिक घटना को अंजाम देने को लेकर प्राथमिकी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाश के पास से पुलिस को कुछ भी बरामद नहीं हुआ है। छापेमारी पुलिस दल में मैरवा थानाध्यक्ष भरत साह, पुअनि धीरज कुमार तथा पुअनि सुरेश यादव समेत नौतन और मैरवा की पुलिस बल भी थी।

## सिवान के दारौंदा में दुकानदार को गोली मार लूट

**परवेज अख्तर/सीवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के बोधा छपरा में शनिवार की शाम गोली मारकर घायल करने एवं हार्डवेयर दुकान में तोड़फोड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। फायरिंग में एक व्यक्ति घायल हो गया।घायल दारोगा सिंह हैं गोली उनके सिर को छू कर निकल गई। मामले में घायल के पुत्र बालेश्वर कुमार हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को मैं दुकान पर करसौत के एक व्यक्ति आकर मेरे यहां एक मजदूर के साथ गाली गलौज करने लगे। जब मैंने इसका विरोध किया तो वह व्यक्ति मेरे साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे, साथ ही शाम में गोली मारने की धमकी देते हुए चला गया। मैंने इसकी सूचना डायल 112 को दी, लेकिन पुलिस नहीं पहुंची। तब तक वह व्यक्ति शाम में कुछ लोगों के साथ पहुंच तोड़फोड़ करने लगे। तोड़फोड़ का विरोध करने पर फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली मेरे पिता के सिर को छूती हुई निकल गई। घायल पिता को स्थानीय लोगों के सहयोग से महाराजगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बालेश्वर कुमार ने बताया कि उक्त लोगों ने दुकान से 60 हजार रुपये लेकर चले गए तथा दुकान में तोड़फोड़ कर करीब दो लाख की क्षति पहुंचाई।